


# पंचदश बिहार विधान सभा

## अष्टम् सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-24 वृहस्पतिवार, दिनांक-21 मार्च, 2013 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 01.05 बजे अपराह्न तक ।**

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 02 अल्प सूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 11 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न क्रम सं०-'क' 2715 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न क्रम सं०- 3177 लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को स्थानांतरित ।

(v) 88 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित मा० सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री प्रदीप कुमार (ii) श्री ललित कुमार यादव

''आसन द्वारा इस शून्यकाल की सूचना को ध्यानाकर्षण सूचना में परिवर्तित किए जाने की घोषणा की गई ।''

(iii) डा० इजहार अहमद (iv) श्री सतीश चन्द्र दुबे

(v) श्री अरूण शंकर प्रसाद (vi) श्री अमन कुमार

(vii) श्री रामनरेश प्रसाद यादव (viii) श्री विनोद प्रसाद यादव

(ix) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह (x) श्री कुमार शैलेन्द्र

(xi) श्री राजकुमार राय (xii) श्री रामदेव महतो

(xiii) श्री राजेश्वर राज (xiv) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह

(xv) श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा (xvi) श्रीमती वीणा देवी

(xvii) श्रीमती नीता चौधरी

''मा० सदस्य श्री विनोद प्रसाद यादव के शून्यकाल की सूचना पर सरकार द्वारा संज्ञान लिया गया ।''

[3] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :-

(i) मा० सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी एवं अन्य सभासदों का गृह (आरक्षी) विभाग से संबंधित दिनांक 5, 8 एवं 14 मार्च, 2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर दिनांक 01.04.2013 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(ii) मा० सदस्य श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह एवं अन्य सभासदों का सहकारिता विभाग से संबंधित दिनांक 13, 19 एवं 20 मार्च, 2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर मा० प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iii) मा० सदस्य श्री ज्ञानचंद मांझी एवं अन्य सभासदों का कृषि विभाग से संबंधित दिनांक 14.03.2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर मा० प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iv) मा० सदस्य श्री संजय सिंह 'टाइगर' एवं अन्य सभासदों का सहकारिता विभाग से संबंधित दिनांक 18.03.2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर मा० प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(v) मा० सदस्य श्री अमरनाथ गामी एवं अन्य सभासदों का उद्योग विभाग से संबंधित दिनांक 18.03.2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर मा० प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(vi) मा० सदस्य श्री विनय बिहारी एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से सम्बंधित दिनांक 19 एवं 20 मार्च, 2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना के उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(vii) मा० सदस्य श्री ललित कुमार यादव एवं अन्य सभासदों का कृषि विभाग से सम्बंधित दिनांक 20.03.2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर मा० प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

''आसन से घोषणा की गई कि शेष ध्यानाकर्षण सूचनाएँ अगली तिथि को लिए जाएँगें ।''

[4] <u>सभा मेज पर कागजात का रखा जाना</u> :-

(i) मा० सभापति शून्यकाल समिति श्री अवनीश कुमार सिंह द्वारा समिति का 56वाँ, 57वाँ, 58वाँ, 59वाँ, 60वाँ, 61वाँ, 62वाँ, 63वाँ, 64वाँ, 65वाँ, 66वाँ, 67वाँ, 68वाँ एवं 70वाँ प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(ii) मा० सभापति प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति श्रीमती रेणु देवी द्वारा समिति का 152वाँ प्रतिवेदन सदन पटल पर रखा गया ।

**(भोजनावकाश के बाद)**

**समय 02.05 बजे अप० से 5.40 बजे अप० तक ।**

(iii) मा० मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2013-14 के परिणाम बजट की प्रति सदन पटल पर रखा गया ।

[5] <u>वित्तीय कार्य</u> :-

मा० प्रभारी मंत्री, गृह विभाग श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि द्वारा सरकार की गृह नीति पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग तथा कटौती के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित मा० सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) डा० दाऊद अली     (ii) श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी

(iii) श्री कृष्णनन्दन पासवान

(मा० अध्यासी सदस्या श्रीमती गुड्डी देवी द्वारा आसन ग्रहण किया गया)

(iv) डॉ० मो० जावेद     (v) श्री राहुल कुमार सिंह

(vi) श्री विनोद कुमार सिंह     (vii) श्री मनोहर प्रसाद सिंह

(मा० अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(viii) श्री सोम प्रकाश सिंह     (ix) श्री जवाहर प्रसाद

(x) श्री ललन राम     (xi) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह

माननीय प्रभारी मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया । उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के मा० सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

सदन द्वारा मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा गृह विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

तदुपरांत वित्तीय वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक में सम्मिलित शेष अनुदानों की मांग गिलोटिन (मुखबंध) के माध्यम से स्वीकृत हुआ ।

(विपक्ष के मा० सदस्यगण सदन में वापस आ गए)

[6] <u>विधेयक</u> :- <u>राजकीय (वित्तीय) विधेयक</u> :- <u>बिहार विनियोग (संख्या-2) विधेयक, 2013</u> :-

मा० प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विचार के प्रस्ताव के स्वीकृति उपरांत खण्डशः विचार के क्रम में सभी खण्ड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

मा० प्रभारी मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विधेयक के स्वीकृति के प्रस्ताव पर मा० सदस्य श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार द्वारा अपना पक्ष रखा गया ।

मा० प्रभारी मंत्री द्वारा उत्तर दिया गया ।

विधेयक सदन द्वारा ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[7] <u>निवेदन</u> :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 19 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

आसन द्वारा मा० सदस्यों को होली की शुभकामना दी गई । तदुपरांत सभा की बैठक सोमवार, दिनांक 01.04.2013 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-21.03.2013

फूल झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।